प्रस्ताव

54 विधायिका। विधान एवं कार्यवाही। पहल सांविधानिक संशोधन एवं संविधि (कानून)।

आधिकारिक शीर्षक और सारांश

अटार्नी जनरल द्वारा तैयार किया गया

- विधायिका को कोई भी विधेयक पारित करने से तब तक निषिद्ध करता है जब तक कि उसे मतदान से कम-से-कम 72 घंटे पहले मुद्रित रूप में तथा इंटरनेट पर प्रकाशित न कर दिया गया हो, केवल सार्वजनिक आपातस्थिति इसका अपवाद है।
- विधायिका के लिए बंद अधिवेशनों को छोड़कर अपनी बाकी सभी कार्यवाहियों की दृश्य-श्रव्य रिकॉर्डिंग करना और उन्हें इंटरनेट पर पोस्ट करना आवश्यक करता है।
- किसी भी व्यक्ति को, बंद अधिवेशनों की कार्यवाही को छोड़कर, विधायिका की सारी कार्यवाही को रिकॉर्ड करने के लिए प्राधिकृत करता है।
- राज्य को किसी भी शुल्क के भुगतान के बिना, विधायी कार्यवाहियों की रिकार्डिंग के किसी भी वैध प्रयोजन से उपयोग की अनुमति देता है।

विधायी विश्लेषक के निवल राज्य एवं स्थानीय सरकार वित्तीय प्रभाव के आकलन का सारांश:

- विधायी बैठकों को रिकॉर्ड करने और उन बैठकों के वीडियो इंटरनेट पर उपलब्ध कराने के लिए $1 मिलियन से $2 मिलियन की एक बार की लागत एवं लगभग $1 मिलियन प्रतिवर्ष की मौजूदा लागत ।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

पृष्ठभूमि

राज्य विधानमंडल कानून बनाता है। California विधानमंडल में दो सदन हैं: सीनेट और विधानसभा। विधानमंडल के नियम उस प्रक्रिया का दिशा-निर्देशन करते हैं जिनके द्वारा विधेयक कानून बनते हैं। इस प्रक्रिया में, विधायक समिति की सुनवाइयों और अन्य परिवेशों में विधेयकों पर चर्चा करते हैं। वे अक्सर इन चर्चाओं के आधार पर विधेयकों में परिवर्तन करते हैं। विशिष्ट तौर पर, विधायकों को विधेयक पारित करने पर मतदान करने से पहले इन परिवर्तनों पर विचार करने के लिए बहुत दिन लग जाते हैं। फिर भी कभी-कभी विधायकों को इन परिवर्तनों पर विचार करने में कम समय लगता है।

विधानमंडल की सार्वजनिक बैठकें। राज्य संविधान की यह अपेक्षा है कि विधानमंडल और इसकी समिति समितियों की बैठकों को कुछ अपवादों (जैसे राज्य कैपिटॉल पर सुरक्षा संबंधी चर्चा करने के लिए बैठकें) के साथ सार्वजनिक बनाया जाए। इनमें से अधिकांश बैठकों के, लेकिन सभी के नहीं, लाइव वीडियो इंटरनेट पर उपलब्ध हैं। विधानमंडल कुछ वर्षों तक इनमें से अनेक वीडियो के अभिलेख रखता है। विधानमंडल इन वीडियो के उपयोग के लिए कोई शुल्क नहीं लेता है। विधानमंडल इन वीडियो की रिकार्डिंग, पोस्टिंग और भण्डारण पर प्रत्येक वर्ष लगभग $1 मिलियन खर्च करता है। राज्य की वर्तमान संविधि के अंतर्गत, विधानसभा की बैठकों की रिकॉर्डिंगों का उपयोग राजनीतिक या वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है।

विधानमंडल का बजट। संविधान विधानमंडल द्वारा इसके स्वयं के प्रचालनों पर खर्च की जा सकने वाली राशि की सीमा निर्धारित करता है। यह सीमा California की जनसंख्या और अर्थव्यवस्था में वृद्धि के साथ बढ़ जाती है। इस वर्ष, विधानमंडल का बजट लगभग $300 मिलियन है – जो आम निधि (राज्य का मुख्य परिचालन खाता) से किए जाने वाले कुल खर्च के 1 प्रतिशत से कम है।

प्रस्ताव

प्रस्ताव 54 विधानमंडल के नियमों और कर्तव्यों में बदलाव करने के लिए संविधान में संशोधन करता है। चित्र 1 में प्रस्ताव के मुख्य परिवर्तनों का सार प्रस्तुत किया गया है। इन अपेक्षाओं का पालन करने में विधानमंडल के खर्चों की गणना विधानमंडल के वार्षिक खर्च की सीमा के भीतर की जाएगी।

परिवर्तन राज्य विधानमंडल कानून कैसे बनाता है। यदि प्रस्ताव 54 पारित हो जाता है, तो एक विधेयक (उस विधेयक में परिवर्तनों सहित) विधायकों को उपलब्ध कराया जाना होगा तथा विधानमंडल द्वारा इसे पारित किए जा

54

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

जारी

आकृति 1

अगर प्रस्ताव 54 पारित होता है तो होने वाले मुख्य बदलाव

- एक विधेयक (उस विधेयक में परिवर्तनों सहित) को विधानमंडल द्वारा इसे पारित किए जा सकने से कम-से-कम 72 घंटे पहले इंटरनेट पर उपलब्ध होना होगा।[a]
- विधानमंडल को यह सुनिश्चित करना होगा कि इसकी सभी जनसभाओं की रिकॉर्डिंग की जाए, और वीडियो को 24 घंटे के भीतर इंटरनेट पर पोस्ट किया जाए।
  – ये वीडियो कम से कम 20 वर्ष के लिए डाउनलोड करने योग्य होने होंगे।

[a] इस नियम में प्राकृतिक आपदाओं सहित, आपात स्थितियों के लिए अपवाद है।

सकने से कम-से-कम 72 घंटे पहले इंटरनेट पर पोस्ट किया जाना होगा। आपातस्थिति में, जैसे किसी प्राकृतिक आपदा के समय, विधानमंडल विधेयकों को अधिक तेज़ी से पारित कर सकती है। बहरहाल ऐसा केवल तभी हो सकता है, यदि राज्यपाल आपातस्थिति घोषित कर दे और विधेयक पर विचार करने वाला सदन का दो-तिहाई भाग विधेयक को अधिक तेज़ी से पारित करने के लिए मतदान करे।

परिवर्तन विधानमंडल की सार्वजनिक बैठकों के नियम। यदि प्रस्ताव 54 पारित हो जाता है, तो विधानमंडल की सभी सार्वजनिक बैठकों के वीडियो (1) रिकार्ड किए जाएंगे, (2) बैठक की समाप्ति के 24 घंटे के भीतर इंटरनेट पर पोस्ट किए जाएंगे, तथा (3) कम-से-कम 20 वर्षों तक इंटरनेट से डाउनलोड किए जा सकेंगे। (ये अपेक्षाएं 1 जनवरी, 2018 से प्रभावी होंगी।) इसके अलावा, जनता के सदस्यों को अनुमति होगी कि वे सार्वजनिक विधानमंडल बैठक के किसी भी हिस्से को रिकार्ड करें और प्रसारित करें। प्रस्ताव 54 राज्य संविधि में भी परिवर्तन करता है ताकि कोई भी व्यक्ति किसी वैध उद्देश्य से तथा राज्य को किसी शुल्क का भुगतान किए बिना विधानमंडल की बैठकों के वीडियो का इस्तेमाल कर सके।

राजस्व सम्बन्धी प्रभाव

प्रस्ताव 54 का राजस्व सम्बन्धी प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि विधानमंडल इन नई अपेक्षाओं को पूरा करने का निर्णय कैसे लेता है। प्रस्ताव के मुख्य खर्च विधानमंडल की बैठकों की वीडियो रिकार्डिंग तथा उन वीडियो को इंटरनेट पर भण्डारित करने से संबंधित हैं। राज्य संभवत: निम्नलिखित का सामना करेगा: (1) कैमरे और अन्य उपकरण खरीदने के लिए **$1 मिलियन से $2 मिलियन का एक-बार के खर्च** तथा (2) वीडियो के लिए अधिक स्टाफ और ऑनलाइन भण्डारण के लिए **लगभग $1 मिलियन के वार्षिक खर्च**। ये खर्च विधानमंडल के अपने प्रचालनों के लिए इसके बजट के 1 प्रतिशत से कम होंगे।

इस विधेयक का समर्थन या विरोध करने के लिए प्राथमिक रूप से गठित समितियों की सूची के लिए *http://www.sos.ca.gov/measure-contributions* पर जाएं। समिति के शीर्ष 10 योगदानकर्ता देखने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors/nov-16-gen-v2.html* पर जाएं।

54